POSHAN Abhiyaan

कार्यालय कलेक्टर
महिला एवं बाल विकास विभाग जिला–बीजापुर
(जिला बाल संरक्षण इकाई)

Phone Number Fax Number 07853-22034 E-mail ID- icpsbijapur2014@gmail.com

क्रं. /212 / मबावि / मि.वा. / स्था. / 2023–24 बीजापुर, दिनांक 03/07/2023

## / / विज्ञापन / /

महिला एवं बाल विकास विभाग के अधीन संचालित एकीकृत बाल संरक्षण योजना (मिशन वात्सल्य) अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई के क्रियान्वयन हेतु संविदा पर आउटरीच वर्कर (संविदा) के पद स्वीकृत हैं। उक्त पद की संविदा नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों से आवेदन दिनॉक 18/07/2023 तक आमंत्रित किया जाता हैं, विज्ञापन की विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट www.bijapur.gov.in एवं कलेक्टोरेट कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग बीजापुर के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला बीजापुर
बीजापुर, दिनांक 03/07/2023

पृ.क्रं. /212A / मबावि / मि.वा. / स्था. / 2023–24
प्रतिलिपि :–

1. सचिव, छ.ग. शासन महिला एवं बाल विकास विभाग, मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर महोदय, जिला बीजापुर की ओर सादर सूचनार्थ।
3. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, जिला बीजापुर को सूचनार्थ कर लेख है, कि जिले के वेबसाईट पर विज्ञापन अपलोड़ कराने हेतु प्रेषित।
4. सहायक संचालक, जनसम्पर्क विभाग जिला बीजापुर को सूचनार्थ कर लेख है, कि समस्त दैनिक समाचार पत्रों में उक्त विज्ञापन की सूचना निःशुल्क प्रकाशन कराने हेतु प्रेषित।
5. जिला रोजगार अधिकारी, जिला बीजापुर की ओर सूचनार्थ।
6. नोटिस बोर्ड में चस्पा हेतु।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला बीजापुर

POSHAN Abhiyaan
PM's Overarching Scheme for Holistic Nourishment

कार्यालय कलेक्टर
महिला एवं बाल विकास विभाग जिला–बीजापुर
(जिला बाल संरक्षण इकाई)

Phone Number Fax Number 07853-220346
E-mail ID- bijapurdwcdo@gmail.com

क्रमाँक/213/मबावि/मि.वा./2023–24

बीजापुर, दिनांक 03/07/2023

## //विज्ञापन//

" (मिशन वात्सल्य)" योजनांतर्गत जिला स्तरीय पदो पर कर्मचारी की भर्ती के संबंध में विज्ञापन "

भारत शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वीकृत जिला बाल संरक्षण इकाई, मिशन वात्सल्य योजना के प्रावधानों व स्वीकृत जिला स्तर पर जिला बाल संरक्षण इकाई के क्रियान्वयन हेतु जिला बाल संरक्षण इकाई, डीसीपीयू बीजापुर में **आउटरीच वर्कर** के रिक्त पद पर संविदा भर्ती हेतु पात्र आवेदकों का दिनॉक 3/07/2023 से 18/07/2023 तक आवेदन आमंत्रित हैं। पद एवं आवेदन प्रक्रिया का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र0 | पदनाम | पद संख्या | संविदा वेतन | चयन प्रकिया |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आउटरीच वर्कर | 01 | 10592/– | आउटरीच वर्कर |

| क्र0 | पदनाम | अनारक्षित | अ.ज.जा. | अ.जा. | अपिव. | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | आउटरीच वर्कर | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 |

उपरोक्त पद के लिए अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता/अनुभव निम्नानुसार होगी :–

| क्र. | पदनाम | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता | अनिवार्य कौशल | अनुभव | वांछनीय योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आउटरीच वर्कर | कक्षा 12 वी (10+2) उत्तीर्ण | अच्छा संचार कौशल | शासकीय/अर्द्धशासकीय/प्रतिष्ठित निजी संस्थान में बाल देखरेख/संरक्षण/पुनर्वास/बाल कल्याण विषय पर कम से कम 1 वर्ष का कार्यानुभव | अंग्रेजी एवं हिन्दी एवं स्थानीय भाषा का ज्ञान |

निर्धारित प्रारूप में भरे हुए आवेदन पत्र निम्न पते पर प्रेषित किया जावें :–

1. आवेदन पत्र **जिला कार्यक्रम अधिकारी/जिला महिला एवं बाल विकास विभाग बीजापुर** को प्रस्तुत करना होगा।
2. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 18/07/2023 सायं 5.00 बजे तक। समयावधि पश्चात स्वीकार नहीं किया जायेगा है।

विज्ञापन की विरत्तृत जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग बीजापुर के सूचना पटल एवं जिले के बेबसाईड **www.bijapur.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**उपरोक्त पद हेतु नियम व शर्ते निम्नानुसार है :–**

1. संविदा नियुक्ति 02 वर्ष के लिये होगी। तत्पश्चात कार्य योग्यता, कार्य क्षमता एवं व्यवहार तथा विभाग की आवश्यकता के आधार पर नियुक्त व्यक्ति की उपयुक्ता का आंकलन कर संविदा आगे बढ़ाने का निर्णय विभाग/संबंधित जिले के सक्षम अधिकारी द्वारा लिया जा सकेगा। अन्यथा संविदा नियुक्ति की अवधि समाप्ति पर संविदा नियुक्ति स्वयंमेव समाप्त मानी जावेगी।
2. सविंदा नियुक्ति अवधि में योजना प्रावधानों के अनुसार एकमुश्त संविदा वेतन देय होगा। अतः संविदा वेतन के अतिरिक्त कोई भी अन्य वेतन/भत्ते की पात्रता नहीं होगी। सेवा समाप्ति के बाद संविदा पर नियुक्त कर्मचारी को किसी भी प्रकार के पेंशन, उपादान भत्ता, मृत्यु लाभ इत्यादि की भी पात्रता नहीं होगी।
3. संविदा पर की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी एवं बिना कोई कारण बताये समाप्त की जा सकती हैं। संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
4. आवेदक की आयु दिनॉक 01.01.2023 की स्थिति में न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष से अधिक न हो। छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी परिप्रत्र कमांक/एफ/2015/1–3/एफ नया रायपुर दिनांक 31.01.2019 अनुसार कलेन्डर वर्ष 2023 की समाप्ति तक के लिए अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नही होगी। आयु की समर्थन हेतु जन्म प्रमाण पत्र कक्षा – 5, 8 एवं 10 वी की अंकसूची जिसमे जन्मतिथि अंकित हो। दस्तावेज सत्यापन के समय मूल प्रति एवं स्व प्रमाणित प्रति लाना अनिवार्य होगा।
5. उक्त पद हेतु अभ्यर्थियों को छ0ग0 राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है। एवं **बीजापुर जिले के स्थानीय निवासी को प्राथमिकता दी जायेगी।** सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न करें।
6. आरक्षित वर्ग हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
7. शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्था विश्वविद्यालय से होने पर ही मान्य किया जायेगा।
8. आवेदन निर्धारित प्रारूप में जमा किया जावे एवं वांछित प्रमाण पत्र एवं अंकसूची स्वप्रमाणित अथवा सत्यापित होना चाहिये।
9. अनुभव के संबंध में अभ्यर्थियों को संबंधित संस्था से नियोक्ता द्वारा जारी हो जिसमें कार्यालय का नाम, पता, जावक कमांक, दिनांक तथा अनुभव की अवधि स्पष्ट उल्लेख हो आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना होगा। उपरोक्तानुसार संलग्न नही करने पर अमान्य कर दिया जायेगा।
10. संलग्न सभी दस्तावेज में आवेदक द्वारा स्वयं का सत्यापित प्रति होना आवश्यक है।
11. शासकीय/अर्द्धशासकीय/निजी संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियोओं नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण पत्र के सहित प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।
12. अपूर्ण अस्पष्ट एवं त्रूटिपूर्ण आवेदन अमान्य कर दिये जायेंगे तथा इस संबंध में उम्मीदवार को पृथक से कोई सूचना नहीं दी जावेगी। एवं ऐसे आवेदन अमान्य कर दिये जायेगें। उपरोक्त उल्लेखित योग्यता न रखने वाले उम्मीदवार आवेदन न करे।
13. अभ्यर्थी को आवेदन पत्र के साथ रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन पत्र संलग्न करें।

14. लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/स्कील टेस्ट में भाग लेने वाले अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/व्यय भत्ता देय नही होगा।

15. लिफाफे के ऊपर एवं आवेदन पत्र में आवेदित पद का नाम स्पष्ट उल्लेख होना चाहिये अन्यथा आवेदन निरस्त किया जा सकता है। लिफाफे के ऊपर एवं आवेदन पत्र में आवेदित पद का नाम स्पष्ट उल्लेख होना चाहिये अन्यथा आवेदन निरस्त किया जा सकता है। लिफाफे के ऊपर प्रेषक का नाम व पत्र व्यवहार का पूर्ण पता लिखा होना चाहिये।

16. आवेदन पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/कोरियर के माध्यम से ही स्वीकार होगा। आवेदन पत्र कार्यालय में सीधे स्वीकार नहीं किया जायेगा, आवेदन पत्र के साथ स्वंय का पता लिखा हुआ 10 रूपये का टिकट लगा हुआ एक कोरा लिफाफा अनिवार्य रूप से संलग्न करें।

17. **उपरोक्त पद पर चयन की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी :–**

| क्र0 | पदनाम | चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|
| 1 | आउटरीच वर्कर | 1.वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का weightage देते हुये अधिकतम 90 अंक।<br>2.पदानुसार अनुभव से अधिक अनुभव होने पर प्रत्येक वर्ष के लिए 02 अंक निर्धारित रहेंगे। अनुभव पर अधिकतम 10 अंक दिये जायेंगे। |

18. प्राप्त आवेदनों के संबंध में किसी भी विवाद की स्थिति में संबंधित जिला कलेक्टर का निर्णय अंतिम एवं सर्व मान्य होगा।

19. अपात्र अथवा मेरिट क्रमांक में न आने वाले अभ्यर्थियों को पृथक से सूचना नहीं दी जायेगी। चयनित अभ्यर्थियों को मेल/एसएमएस व डॉक के माध्यम से सूचना दी जायेगी। अतः सही मेल आईडी व मोबाइल नम्बर का उल्लेख आवेदन पत्र में किया जावे।

20. अभ्यर्थियों का समान अंत होने की स्थिति में जन्मतिथि के आधार पर वरिष्ठ को अवसर प्रदान की जायेगी।

21. चयनित अभ्यर्थी को जिला मेडिकल बोर्ड बीजापुर से स्वास्थ्य परीक्षण कराकर फिटनेस प्रमाण पत्र 01 माह के भीतर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। स्वास्थ्य परीक्षण में शासकीय सेवा के लिए अयोग्य पाये जाने पर उनकी सेवायें समाप्त कर दी जावेगी।

22. चयनित अभ्यर्थी जारी आदेश से 15 दिवस के भीतर कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग बीजापुर में आवश्यक मूल दस्तावेज के साथ पदभार ग्रहण करना होगा। निर्धारित तिथि तक पदभार ग्रहण न करने की स्थिति में नियुक्ति निरस्त माना जावेगा।

23. चयनित अभ्यर्थी द्वारा यदि पदभार ग्रहण नहीं किया जाता तो ऐसी स्थिति में प्रतीक्षा सूची के अनुसार दूसरे अभ्यर्थी को ओदश जारी किया जावेगा। तथा प्रतीक्षा सूची 01 साल तक वैध रहेगी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला–बीजापुर (छ0ग0)

प्रति,

आवेदन पत्र का प्रारूप

स्व. प्रमाणित प्रमाणित फोटो चस्पा करें।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला – बीजापुर (छ0ग0)

1. आवेदित पद का नाम :– ..........................................
2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :– ..........................................
(अंग्रेजी में) :– ..........................................
3. पिता/पति का नाम :– ..........................................
4. स्थायी पता :– ..........................................
..........................................
..........................................
5. (पत्र व्यवहार का पता) :– ..........................................
..........................................
दूरभाष/मोबाइल नः..........................................
ई.मेलः..........................................
6. जन्मतिथि (अंकों में) :– ..........................................
(शब्दों में) :– ..........................................
7. दिनांक 01.01.2023 को आयु :– ..........................................
8. लिंग पुरूष/महिला :– ..........................................
9. रोजगार कार्यालय का नाम :– ..........................................
10. पंजीयन कमांक व दिनांक :– ..........................................
11. जाति/वर्ग(अजा./अजजा./अपिव/सामान्य) :– जाति .............................. वर्ग..............................
12. क्या आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में सेवारत है ? :–..........................................
13. विवाहित/अविवाहित/विधुर/परित्यकता :–..........................................
14. यदि आप विवाहित है तो विवाह की तिथि एवं जीवित बच्चों की संख्या :–..........................................
15. शैक्षणिक योग्यता :–(जन्मतिथि एवं समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करे)

| क. | उत्तीर्ण परीक्षा | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड/संस्था का नाम | विषय | प्राप्तांक/पूर्णाक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

16. अन्य योग्यता का विवरण :— ..............................

17. अनुभव (प्रमाण पत्र संलग्न करे) :— ..............................

| संस्था का नाम | पदनाम | अनुभव का विवरण कब से कब तक | संस्था में वेतन कार्य की दशा में वेतन स्लिप संलग्न करे | संस्था में अवैतनीक कार्य की दशा में शपथ पत्र जमा करें |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

इसके अतिरिक्त अन्य कोई विवरण देना चाहे तो पृथक पत्रक में संलग्न कर सकते हैं।

18. **अनिवार्य संलग्नों की सूची :—**

1. 10वीं की अंकसूची
2. 12वीं की अंकसूची
3. स्नातकों की अंकसूची
4. स्नाकोत्तर की अंकसूची (पद अनुरूप आवश्यक होने पर)
5. व्यवसायिक पाठयक्रम का प्रमाण पत्र (पद अनुरूप आवश्यक होने पर)
6. विज्ञापन अनुसार निर्धारित अवधि का अनुभव प्रमाण पत्र

19. **अन्य संलग्नकों का विवरण :—**

1. रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र
2. निवास प्रमाण पत्र

आवेदक का हस्ताक्षर एवं नाम

## घोषणा —पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूॅ कि इस प्रपत्र में दिए गए समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि ये असत्य पाए जाते है, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त किए जाने योग्य होगी और मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

स्थान :— आवेदक का हस्ताक्षर

दिनांक :—